हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

11 नशे के खिलाफ सामाजिक व नैतिक लड़ाई जरूरीः एडीजीपी



12 डिस्ट्रीब्यूटरी में शेड्यूल के अनुसार पानी न मिलने पर भड़के किसान



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने गश्त के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के पास से एक युवक को 32 बोर की अवैध पिस्तौल के साथ रंगे हाथों काबू किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम रेलवे रोड से सिम्बल रोड की तरफ गश्त पर थी। इसी दौरान जब पुलिस टीम आईटीआई टोहाना के समीप पहुंची तो एक युवक की संदिग्ध हरकतों को देखकर पुलिस टीम को उस पर गहरा शक हुआ।

### डोडा चूरा पोस्त के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद के नए बस अड्डे के पास से एक नशा तस्कर को नशीले पदार्थ सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 किलो 160 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया गया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ के संबंध में मताना मोड़ क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 13 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 13 जून शनिवार को सायं 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी।

### नशीली गोलियों की खेप पकड़ी

**डबवाली।** पुलिस ने डबवाली क्षेत्र से नशे में प्रयोग की जाने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की बड़ी खेप बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तारकिया है। पुलिस के अनुसार बरामद की गई नशीली दवा की बाजारी की लाखों रुपये में आकी गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम कालांवाली रोड भारतमाला पुल क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान वाहनों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### ऐलनाबाद में रोजगार मेला 12 जून को

**ऐलनाबाद।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 12 जून को कार्यालय परिसर में रोजगार मेला (प्राइवेट प्लेसमेंट ड्राइव) आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उपमंडल रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त पद के लिए अभ्यर्थी का स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक में 20 में से कोई सदस्य नहीं पहुचा

# फतेहाबाद पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन मदनलाल की कुर्सी बची

**निर्धारित समय समाप्त होने पर प्रशासन ने प्रस्ताव को किया रद्द**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद पंचायत समिति में पिछले कुछ दिनों से जारी सियासी घमासान का वीरवार को नाटकीय अंत हो गया। वाइस चेयरमैन मदनलाल अपनी कुर्सी बचाने में पूरी तरह कामयाब रहे। उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव उस समय हवा हो गया, जब बैठक में एक भी विरोधी सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराने नहीं पहुंचा। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में वीरवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए एक विशेष बैठक बुलाई गई थी। प्रशासनिक नियमों के तहत दोपहर 1:30 बजे तक का समय तय किया गया था। इस दौरान वाइस चेयरमैन मदनलाल तो बैठक में मौजूद रहे, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव की मांग करने वाले 29 में से एक भी सदस्य वहां नहीं फटका। एडीसी अनुराग ढालिया ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाई गई थी और दोपहर 1:30 बजे तक का इंतजार किया गया। वाइस चेयरमैन मदनलाल के अलावा कोई अन्य सदस्य बैठक में नहीं पहुंचा। कोरम पूरा न होने और किसी भी विरोधी सदस्य के न आने के कारण इस अविश्वास प्रस्ताव को रद्द घोषित कर दिया गया है।



फतेहाबाद। समर्थकों के साथ विजयी चिन्ह बनाते पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन मदन लाल। फोटोः हरिभूमि

### विकास कार्य रहेंगे जारी : मदनलाल

राहत की सांस लेने के बाद वाइस चेयरमैन मदनलाल ने पत्रकारों से बातचीत में राहत और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे आपसी भाईचारे की जीत बताया। मदनलाल ने कहा, सदन के सदस्यों के बीच कुछ मुद्दों को लेकर थोड़ी गलतफहमी हो गई थी, जिसे अब पूरी तरह से दूर कर लिया गया है। हमारा सभी सदस्यों के साथ मजबूत पारिवारिक और राजनीतिक संबंध है। मनमुटाव जैसी कोई बात नहीं है। अब हम सब मिलकर पंचायत समिति के विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद फतेहाबाद पंचायत समिति में फिलहाल सियासी अनिश्चितता के बादल छंट गए हैं और मदनलाल की स्थिति पहले से अधिक मजबूत होकर उभरी है।

### इन 20 सदस्यों ने खोला था मोर्चा, पर ऐन वक्त पर पीछे हटे

गौरतलब है कि पंचायत समिति के कुल 29 सदस्यों में से 20 सदस्यों ने वाइस चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एडीसी को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा के अलावा ब्रह्मजीत, सुनीता देवी, भजन लाल, पिंदर रानी, रेनू, राकेश कुमार, हरभजन सिंह, जीत राम, राजविन्द्र कौर, सुभाष चन्द्र धांगड़, सुभाष एमपी रोही, अनिल कुमार, संदीप कुमार, एकता रानी, फकीर चन्द, रीना देवी, विजेन्द्र सिंह, रानी व संदीप कुमार शामिल थे। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि बैठक से ठीक पहले पर्दे के पीछे चली लंबी सियासी मान-मनौव्वल कामयाब रही। नाराज सदस्यों को समय रहते मना लिया गया, जिसके चलते उन्होंने बैठक से दूरी बनाना ही मुनासिब समझा।

# रफ्तार का कहरः 24 घंटे में बुझ गए दो घरों के चिराग

- पेड़ से इलेक्ट्रिक स्कूटी टकराने पर 15 वर्षीय किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में पिछले 24 घंटों में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो किशोरों की मौत हो गई। पहली घटना फतेहाबाद के भट्टू रोड पर हुई। यहां तेजगति स्कूटी चालक ने बाइक में टक्कर दे मारी वहीं दूसरी घटना गांव भिरड़ाना में हुई। यहां इलेक्ट्रिक स्कूटी पेड़ से जा टकराई जिससे किशोर की मौत हो गई। इनमें पहले किशोर की उम्र 18 साल व दूसरे की उम्र 15 साल बताई गई है। दो किशोरों की दर्दनाक मौत से फतेहाबाद दहल-सा गया है। तेज स्पीड को लेकर युवाओं में बढ़ते क्रेज को इन हादसों का बड़ा कारण माना जा रहा है। पहली घटना में गांव भिरडाना में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पहचान अमित कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव भिरडाना के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित स्कूटी पर किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सडक़ किनारे खड़े एक छोटे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन गंभीर हालत में अमित को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा

मृतक रोहित।

### सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत स्कूटी चालक पर केस दर्ज

दूसरी घटना में शहर के भट्टू रोड पर हुए सडक़ हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने स्कूटी सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक के चाचा के बयान पर केस दर्ज हुआ है। मृतक रोहित दो भाईयों में छोटा था। फिलहाल पुलिस आरोपी स्कूटी सवार की तलाश कर रही है। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई थी। पुलिस को दिए बयान में मृतक के चाचा गजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका भतीजा 18 वर्षीय रोहित बाइक लेकर उसे लेने के लिए भट्टू रोड की तरफ गया था। भतीजा जैसे ही सिवाच अस्पताल के पास पहुंचा, तो स्कूटी सवार ने एकदम कट पर स्कूटी मोड़ दी। इससे उसके भतीजे में टक्कर हो गई।

## चिन्ना हत्याकांड में एससी-एसटी एक्ट जोड़ा

- अब डीएसपी करेंगे मामले की जांच

**भूना।** हिसार रोड पर सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड में पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ दी हैं। इसके बाद मामले की जांच अब डीएसपी नरसिंह बिश्नोई के नेतृत्व में शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस टीम मुख्य आरोपी जगजीत उर्फ जज की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार हत्याकांड में 10 नामजद और 15 अज्ञात हमलावरों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि फरार चल रहे जगजीत उर्फ जज की गिरफ्तारी के लिए सीआईए फतेहाबाद के साथ-साथ रतिया और टोहाना पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। मामले के शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने आरोप लगाया कि उनके भतीजे सचिन उर्फ चिन्ना की हत्या गैंगवार के तहत सुनियोजित साजिश के तहत करवाई गई। आरोप है कि वारदात के दौरान वह हमलावरों के लगातार संपर्क में था और मोबाइल फोन के माध्यम से उनसे बातचीत करता रहा। उन्होंने आशंका जताई है कि गैंग के सरगना विक्रम भांभू की सम्मिलित से इंकार नहीं किया जा सकता, जिसकी भी मोबाइल फोन व अन्य गतिविधियों की जांच होनी चाहिए।

## पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

- रतिया में नाबालिगों के अपहरण मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

उपमंडल के गांव घासवा की दो नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मामले में एक परिजन को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सरपंच गुरशरण सिंह गोशा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण वीरवार शाम को रतिया सदर थाना पहुंचे और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप है कि 26 मई को गांव चीमो के चार युवक दो नाबालिग लड़कियों को अपने साथ ले गए थे। इस मामले में शिकायत देने के बावजूद पुलिस अभी तक एक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसके उलट, आरोपियों के साथ मारपीट के मामले में पीड़ित परिवार के कई सदस्यों पर केस दर्ज कर दिया गया और उनमें से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों और परिजनों ने आरोप लगाया कि मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने उन्हें धमकाया और पैसों की मांग भी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि 26 मई को दर्ज मामले में पुलिस अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है।



## बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- फतेहाबाद रोड पर लगाया जाम, घंटों बाधित रहा यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव जमालपुर शेखां में लंबे समय से गहराए बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों के सब्र का बांध वीरवार को टूट गया। बिजली निगम की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की बेरुखी से नाराज भारी संख्या में ग्रामीणों ने सुबह दस बजे टोहाना-फतेहाबाद मुख्य मार्ग पर एकत्रित होकर जाम लगा दिया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्य सड़क पर लगे इस जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भीषण गर्मी में राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली निगम की घोर लापरवाही के कारण करीब 14 हजार की आबादी वाले इस गांव का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गांव में स्थापित 11 केवी सबस्टेशन फिलहाल समैन के 132 केवी लाइन से जुड़ा हुआ है। यह बिजली लाइन लगभग 26 किलोमीटर लंबी है और पूरी तरह से खेतों के बीच से होकर गुजरती है। स्थिति यह है कि हल्की हवा या सामान्य मौसम खराब होने पर भी इस लाइन के पोल टूट जाते हैं।



फतेहाबाद। गांव जमालपुर शेखां में ग्रामीणों द्वारा किया गया रोड जाम।

### मौके पर पहुंची पुलिस

सडक़ पर जाम और तनाव की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन ग्रामीणों को शांत करने और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता करवाकर जाम खुलवाने के प्रयास में जुटा रहा। आखिरकार अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और जाम खोल दिया।

## शाम ढलते ही बदला मौसम का मिजाज, आंधी-बूंदाबांदी से राहत

- भट्टूकलां समेत कई गांवों में हल्की बारिश, गर्मी से परेशान लोगों ने ली राहत की सांस
- दिनभर तपते रहे लोग, शाम होते ही न्यूनतम पारा लुढ़ककर 26 डिग्री पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच वीरवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं, बादलों और हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को तपिश से राहत दिलाई। हालांकि आसपास जिलों में आंधी ओर बारिश से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री लुढ़ककर 26 डिग्री पर आ गया। भट्टूकलां सहित जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर में भी बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के कारण मौसम सुहावना हो गया। दिनभर सूर्य की तीखी किरणों और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल किए रखा। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में आवाजाही कम रही। अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोग उमस और गर्मी से परेशान नजर आए। हालांकि शाम करीब छह बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया। आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। इसके बाद कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के चलते तापमान में करीब छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और पारा 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम में ठंडक घुलते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। बाजारों, चौकों और पार्कों में भी रौनक बढ़ती दिखाई दी। बच्चों और युवाओं ने भी बदले मौसम का आनंद लिया।



### आज और कल परिवर्तनशील रह सकता है मौसम

*भट्टूकलां और आसपास के गांवों में हुई हल्की बरसात से किसानों को भी कुछ राहत मिली है। हालांकि बारिश कम होने के कारण उमस पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को भी जिले में मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। विभाग ने हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।*

## भाखड़ा नहर पुल के पास नशीली गोलियों के साथ युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी जमालपुर निवासी अंकुश पुत्र भजन सिंह है, जिसके कब्जे से पुलिस ने 1150 प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की हैं। बरामद की गई गोलियों की यह खेप कॉमर्शियल मात्रा की श्रेणी में आती है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि सीआईए टोहाना के उप निरीक्षक अजय कुमार अपनी टीम के साथ नशा रोकथाम व गश्त के संबंध में क्षेत्र में मुस्तैद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को पुख्ता गुप्त सूचना मिली कि जमालपुर का रहने वाला अकुश नशीली गोलियों की खेप लेकर उसे बेचने की फिराक में गांव दमकोरा के पास भाखड़ा नहर पुल पर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर छापेमारी की और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब आरोपी की नियमानुसार तलाशी ली गई, तो उसके पास से 23 स्ट्रिपों में कुल 1150 नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने प्रतिबंधित दवाइयों को कब्जे में लेकर तुरंत सील कर दिया। थाना शहर टोहाना में आरोपी अंकुश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## 5100 प्रतिबंधित गोलियों और कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नशीली और प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुनानकपुरा चौकी पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक शातिर तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से भारी मात्रा में नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल संख्या 5100 बताई जा रही है। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि सिरसा के गांव भावदीन का रहने वाला अनमोल जो वर्तमान में फतेहाबाद के शक्ति नगर में किराए के मकान में रह रहा है, प्रतिबंधित दवाइयों की एक बड़ी खेप लेकर क्षेत्र में किसी को सप्लाई करने के लिए घूम रहा है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए रतिया चुंगी के पास नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ ही समय बाद पुलिस ने संदिग्ध हुलये के आधार पर आरोपी अनमोल को घेराबंदी कर काबू कर लिया। जब नियमानुसार उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से टपेंटाडोल की 1200 नशीली गोलियां और सिग्मा के 3900 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। इस तरह पुलिस ने कुल 5100 नशीली दवाइयों को अपने कब्जे में ले लिया।

**नियुक्ति** जिले के प्रमुख पगड़ीधारी चेहरों में रही है पहचान

# फतेहाबाद के बलदेव ग्रोहा बने अनुसूचित जाति वित्त व विकास निगम के चेयरमैन, भाजपा के दो बार रह चुके हैं जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा सरकार ने फतेहाबाद जिले के रतिया निवासी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह ग्रोहा को हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का चेयरमैन नियुक्त किया है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे बलदेव ग्रोहा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं और जिले के प्रमुख पगड़ीधारी चेहरों में उनकी पहचान रही है। बलदेव ग्रोहा वर्ष 2020 से पहले भाजपा के जिला महामंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने उन्हें फतेहाबाद भाजपा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था। उनके कार्यकाल को देखते हुए जनवरी 2024 में लगातार दूसरी बार उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बलदेव ग्रोहा। (फाइल फोटो)

### लोकसभा संयोजक का दायित्व भी निभा चुके

*इसके अलावा वे आत्मनिर्भर भारत अभियान के लोकसभा संयोजक का दायित्व भी निभा चुके हैं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में बलदेव ग्रोहा रतिया सीट से भाजपा टिकट के प्रमुख दावेदारों में शामिल थे। उस समय वे जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए संगठन की कमान भी संभाल रहे थे। हालांकि पार्टी ने पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को उम्मीदवार बनाया था। चुनाव में सुनीता दुग्गल को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा।*

### मंडल स्तर से शुरू किया राजनीतिक सफर

बलदेव ग्रोहा लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर तक कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। संगठन में उनकी सक्रियता और लंबे अनुभव को देखते हुए उनकी नियुक्ति को पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल भी हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की चेयरपर्सन रह चुकी हैं। अब एक बार फिर यह जिम्मेदारी फतेहाबाद जिले के हिस्से में आई है। बलदेव ग्रोहा के चेयरमैन बनने के साथ ही रतिया क्षेत्र से सरकार में प्रतिनिधित्व और मजबूत हो गया है। वर्तमान में हरकोफैड के चेयरमैन वेद फूलां और हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो. रविंद्र बलियाला पहले से ही चेयरमैन पद पर कार्यरत हैं। अब बलदेव ग्रोहा की नियुक्ति के बाद रतिया क्षेत्र को तीसरी चेयरमैनी मिल गई है, जिससे क्षेत्र की राजनीतिक पकड़ और प्रभाव बढ़ने की चर्चा शुरू हो गई है।



पिछले सप्ताह सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार क्षमा शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्टोरी टेलिंग सेशन के दौरान एक कहानी बुनकर बच्चों को सुनाई, बच्चों ने खूब आनंद लिया। **हरिभूमि (बालभूमि)** के आग्रह पर क्षमा जी ने वो कहानी हमें लिख कर दी है। यह कहानी उस राक्षस और बच्चों की है, जो बच्चों की टॉफियां लेकर भाग जाता है। निडर बच्चे उस राक्षस से अपनी टॉफियां लेने के लिए उसका पीछा आसमान तक करते हैं। इस बीच बच्चों की मुलाकात एक बहुत प्यारी सी मछली से होती है, जो उन्हें सुरक्षा देती है। इस दरमियान बच्चों को जो मीठे-प्यारे और साहसिक अनुभव होते हैं, वे बहुत ही रोमांचक हैं। बच्चो, तुम भी इस कहानी का मजा लो।

# हिप-हिप हुर्रे...



कहानी
क्षमा शर्मा

मेरे प्यारे बच्चो, आज मैं तुम्हें जो कहानी सुनाने जा रही हूं, बहुत ही मजेदार है, तो सुनो- सोनपुर कस्बे के एक घर में अपने दो बेटों के साथ दादी रहती थीं। उनके बड़े बेटे के एक बच्ची अनाया और बेटा आरव था, छोटे बेटे के बच्चों का नाम लव और कुश था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। बच्चों की दादी और मम्मी-पापा नहीं चाहते थे, बच्चे हरदम मोबाइल और कंप्यूटर में उलझे रहें। दादी हर सुबह बच्चों के साथ मिलकर कोई न कोई ऐसा काम करतीं, जिसमें उन्हें मजा आए। एक दिन उन्होंने बच्चों से पेंटिंग करवाई। चारों में से आरव ने बंदर, शेर और जंगल बनाया, अनाया ने एक तालाब में ढेर सारे कमल खिलाए। वहां मछलियां भी तैर रही थीं। लव ने एक राक्षस बनाया, जो आसमान में उड़ा जा रहा था और कुश, उसने तो एक ऐसी दुकान बनाई, जिसमें बस रंग-बिरंगी टॉफियां भरी थीं।

अगले दिन दादी बच्चों से बोलीं कि तुम लोगों ने बहुत अच्छी पेंटिंग्स बनाई हैं, सभी को ईनाम में टॉफी मिलेगी। वे टॉफी का पैकेट लेकर आईं और सामने की मेज पर रख दिया। तभी दीवार से कूदकर एक बंदर आया और टॉफी के पैकेट को लेकर ये गया और वो गया। दादी चिल्लाईं, 'ओह, ये मुआ राक्षस फिर से आ गया।'

'मगर दादी वह राक्षस कहां, वह तो बंदर था।' आरव बोला। 'तुम्हें नहीं मालूम, यह राक्षस ही है। रूप बदल-बदलकर आता है। इसे टॉफी-चॉकलेट बहुत पसंद हैं। लगता है मुझे ही इसका पीछा करके टॉफी का पैकेट वापस लाना पड़ेगा।' कहती हुई दादी अंदर गईं और अपनी कई साड़ियां उठाकर ले आईं। उसकी एक रस्सी बनाकर उन्होंने हवा में उछाला, तो वह किसी डंडे की तरह सीधी खड़ी हो गई। बच्चे आश्चर्य से देखने लगे। फिर दादी बोलीं, 'अब मैं इस रस्सी के सहारे चढ़कर आसमान में जाती हूं। देखती हूं, राक्षस मुझसे बचकर कहां जाता है?'

यह सुनकर बच्चे चिंतित हो गए। दादी तो बूढ़ी हैं। कहीं ऊपर से गिर गईं, तो क्या होगा? आरव बोला, 'दादी आप नहीं, हम उसे ढूंढ़ने जाएंगे।'

लव ने आरव की बात का समर्थन किया, 'हां, यही ठीक रहेगा।' कुश भी साथ चलने को तैयार हो गया। अनाया कहने लगी, 'मैं भी जाना चाहती हूं, लेकिन कहीं हम गिर गए तो!'

'चल तू हमारे साथ, गिर कैसे जाएगी। हम सब रस्सी को पकड़े होंगे और तुझे भी पकड़े रहेंगे।' आरव बोला।

बस फिर क्या था, बच्चे एक-एक करके रस्सी पर चढ़ गए। रस्सी हवा में ऐसे उड़ने लगी जैसे कोई पंछी। दादी ने उनको बॉय..बॉय कहा। वे तब तक उन्हें हवा में जाता देखती रहीं, जब तक बच्चे आंखों से ओझल न हो गए।

बच्चे उड़े जा रहे थे। आगे-आगे वही बंदर, जो टॉफी का पैकेट लेकर भागा था। पृथ्वी दूर रह गई थी। यहां से सारे पेड़, ऊंची इमारतें, बहुत छोटे-छोटे नजर आ रहे थे। तभी कमाल हुआ। बंदर गायब था। अब उनके आगे बड़े-बड़े बालों वाला, काले रंग का भारी-भरकम एक राक्षस उड़ रहा था। उसने पीछे मुड़कर बच्चों को देखा और जोर से ठहाका लगाया। उसके बड़े-बड़े दांत और सींग देखकर बच्चे डर गए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। राक्षस उन्हें टॉफी का पैकेट दिखाकर चिढ़ाता। कभी इधर उड़ता, तो कभी उधर। उसके पीछे-पीछे रस्सी भी उड़ी चली जाती, जिसके सहारे बच्चे लटके थे।


तभी एकाएक जोरदार धमाका हुआ। चारों ओर धुआं फैल गया, अंधेरा छा गया। बच्चों को लगा कि कहीं वे रास्ता भूलकर धरती की तरफ ही न चले जाएं। जब धुआं छंटा, अंधेरा कम हुआ, तो राक्षस कहीं नजर ही नहीं आया। बच्चे हक्के-बक्के हो गए, आखिर राक्षस कहां गया! यहां तो कोई घर या झोपड़ी भी दिखाई नहीं दे रही थी। हर तरफ बस बियाबान। कहां ढूंढ़ें उसे? अचानक रस्सी ऊपर की ओर उड़ने की बजाय नीचे की तरफ उतरने लगी। रस्सी ने उन्हें एक नदी के किनारे उतार दिया और खुद गोल घेरा बनाकर सिमट गई। अनाया बोली, 'रस्सी को शायद पता है कि राक्षस यहीं कहीं है।'

'यह रस्सी जादुई है। मगर दादी के पास आई कहां से, उन्होंने इसके बारे में कभी बताया भी नहीं।' लव बोला।

चारों बच्चे नदी के किनारे बैठ गए, तभी उन्हें मीठे गाने की आवाज सुनाई दी। घुंघरू की आवाजें भी। वे समझ नहीं सके कि धरती पर हैं या आसमान में। तभी अचानक नदी के बीच छपाक-छपाक की आवाज सुनाई दी। आरव डरकर खड़ा हो गया। बोला, 'कहीं कोई मगरमच्छ तो नहीं बढ़ा चला आ रहा?' लेकिन तभी पानी के ऊपर एक लाल सिर दिखाई दिया, वह एक बड़ी-सी मछली थी। किनारे पर आकर बोली, 'बच्चो, यहां तुम क्यों आए हो?'

सभी एक सुर में बोले, 'हम उस राक्षस को ढूंढ़ रहे हैं, जो हमारा टॉफी का पैकेट लेकर भाग गया है।' सुनकर मछली को आश्चर्य हुआ, 'अरे, एक टॉफी के पैकेट के पीछे तुम इतनी दूर तक चले आए, दूसरा ले आते।'

बच्चे बोले, 'नहीं, गुस्सा इस बात पर है कि राक्षस अगर



टॉफी खाना चाहता था, तो वह दादी से मांग लेता, लेकर भागा क्यों? किसी की चीज इस तरह हड़प लेना तो बुरी बात है ना।' मछली बोली, 'हां ये तो सही कहा तुमने। लेकिन तुम लोगों ने जब राक्षस का पीछा किया तो वह गायब हो गया होगा।' लव जोर से बोला, 'हां, बिल्कुल यही हुआ!'

'मगर अब तो वह गुफा के अंदर चला गया होगा। उसकी गुफा का दरवाजा उसके अलावा कोई और नहीं खोल सकता। वह मजबूत पत्थर से बना है।' मछली ने बताया।

'तो अब हम क्या करें?' बच्चे बोले।

'तुम्हें सुबह का इंतजार करना होगा।' मछली ने कहा।

'सवेरे तक! तो क्या हम वापस जाकर फिर से आएं? यहां तो कैसे रहेंगे? हमें भूख लगी है। रात में सोएंगे कहां? अगर राक्षस रात में गुफा से बाहर निकल आया तो?' बच्चे एक-एक करके पूछने लगे।

'उसकी चिंता तुम मत करो। मैं यहां की रानी हूं। तुम रात भर यहीं रहना, जो चाहोगे वह खाना। बस तुम्हें पानी के अंदर रहना होगा, जिससे कि राक्षस अगर बाहर भी आए, तो उसकी नजर तुम पर न पड़े।' मछली जैसे बच्चों की दोस्त बन गई थी। 'लेकिन हम पानी के अंदर सोएंगे कैसे? हमारा तो दम घुट जाएगा।' अनाया गोल-गोल आंखें घुमाकर बोली।

'इस नदी में मुझ जैसी ही बड़े-बड़े कछुए, मेढक, केकड़े और दूसरी मछलियां हैं। तुम आराम से रातभर उनकी पीठ पर सोना। खाने के लिए तुम्हारे लिए तरह-तरह के फल और हमारे यहां की विशेष मिठाइयां मिल जाएंगी।' मछली हंसते हुए बोली। मछली रानी की बात सुनकर सारे बच्चे खुश हो गए। उन्होंने खूब फल और मिठाई खाई। उन्हें पीने के लिए खुशबूदार शर्बत दिया गया।

उस रात बच्चे मछली, कछुए की पीठ पर इतनी गहरी नींद में सोए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सवेरा हो गया। तब मछली रानी और उनके मंत्री मेढक ने कहा, 'बच्चो, सावधान! अब न तो तुम्हें पानी से मुंह बाहर निकालना है, न ही कोई बात करनी है, क्योंकि राक्षस के भी जागने का समय हो गया है।'

मेढक की बात सच हुई। थोड़ी ही देर में बच्चों को धम-धम की आवाज सुनाई दी। राक्षस नदी की तरफ ही बढ़ा चला आ रहा था। वह जोर-जोर से हंस रहा था। कह रहा था, 'मुझे सब पता है कि तुम कहां छिपे हो? अब बचकर कहां जाओगे बच्चू। अभी तुम्हारा भुरता बनाता हूं।'

फिर राक्षस नदी के किनारे घूमने लगा। 'हा-हा..' करके हंसता जाता। नदी के अंदर छिपे बच्चों को डर भी लगा, लेकिन मछली, मेढक और केकड़े ने उन्हें इशारे से ढांढस बंधाया। बहुत देर ढूंढ़ने के बाद राक्षस बोला, 'लगता है मेरा पीछा करते-करते थक गए और वापस चले गए। मुझे भी भूख लगी है। चलो धरती की तरफ शिकार करने जाता हूं।' एकाएक वह राक्षस एक विशालकाय शेर में बदल गया। फिर धीरे-धीरे नीचे पृथ्वी की ओर उतरने लगा।

राक्षस के जाते ही चारों बच्चे नदी से बाहर आ गए। मछली ने कहा, 'सामने कुछ दूर जाओ। फिर बाएं मुड़ो। वहीं राक्षस की गुफा है। देख लेना कि उसका दरवाजा खुला है कि नहीं। यदि नहीं खुला, तो फिर तुम उसे नहीं खोल पाओगे। मैं यहीं तुम्हारा इंतजार कर रही हूं।'

अनाया, आरव, लव, कुश गुफा की तरफ दौड़ पड़े। वहां पहुंचे तो जोर से चिल्लाए, 'हिप-हिप हुर्रे!' दरवाजे का पत्थर एक ओर पड़ा था। चारों तेजी से गुफा के अंदर पहुंचे, लेकिन वहां बहुत अंधेरा था। वे छू-छूकर टॉफी का पैकेट ढूंढ़ने लगे। कभी उनके हाथ कोई हड्डी लगती, तो कभी बाल, तो कभी कोई कपड़ा। अचानक एक पोटली आरव को मिली। हो सकता है कि टॉफी उसी में हो। वे उसे लेकर बाहर आए। लेकिन यह क्या, पोटली में तो बेशुमार रत्न, अशर्फियां और सोने-चांदी के जेवर थे। उन्हें देखकर बच्चे बहुत खुश हुए।

'इनसे तो न जाने कितनी टॉफियां खरीदी जा सकती हैं। लेकिन नहीं, पता नहीं, यह खजाना किसका है। हो सकता है, वह भी कभी इसे ढूंढ़ता हुआ इधर आए। यूं भी पापा-मम्मी और दादी कहते हैं कि कभी किसी दूसरे की चीज नहीं लेनी चाहिए।' बच्चे जरा भी नहीं ललचाए, पोटली गुफा के अंदर रखी और वापस नदी की तरफ आए। रानी मछली वहीं उनका इंतजार कर रही थी। बच्चों ने सारी बात उसे आकर बताई। वह मुस्कुराते हुए बोली, 'कोई बात नहीं। तुम धरती पर वापस जाओ। यह यात्रा तुम्हें हमेशा याद रहेगी।'

अचानक बच्चों ने देखा कि राक्षस के कारण जिस रस्सी ने अपने को छिपा लिया था, वह धरती की तरफ नीचे लटकी थी। बच्चों ने उसे पकड़ा तो वह तेजी से नीचे उतरने लगी। जल्दी ही वे अपने घर के आंगन में उतरे। सब उनका इंतजार कर रहे थे। सारी बात सुनकर दादी बोलीं, 'टॉफी का पैकेट तो ये रहा!' चारों बच्चों का मुंह खुला रह गया। अब बच्चों को दादी से यह सवाल पूछना था, जहाज की तरह उड़ने वाली रस्सी उनके पास आई कहां से? और क्या राक्षस टॉफी नहीं ले गया था? *



---

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## खरबूजे-तरबूजे

गर्मी की आहट होते ही,
निकल पड़े खरबूजे।
मीठी-मीठी प्यास जगाते,
गली-गली तरबूजे।
मम्मी रोज सुबह ले लेती,
काट-छाट कर हमें खिलाती।
मीठा गूदा, मीठा पानी,
घर-भर में खुशबू भर जाती।

खनिज विटामिन के प्याले,
मौसम के फल प्यारे-प्यारे।
छिलका बीज सभी गुणकारी,
पानी के छोटे रस धारे।
हरी पट्टियां धूसर धारी,
गोल-गोल से खरबूजे।
बाहर से ये हरे-हरे हैं,
लाल रसीले तरबूजे।



एआई इमेज

## जीके क्विज-209



1. किस इंडियन चेस प्लेयर ने पहली बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट जीता है?
2. हाल ही में कर्नाटक के 18वें मुख्यमंत्री कौन बनाए गए हैं?
3. किस देश ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
4. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में किसे नए खेल के रूप में शामिल किए जाने की घोषणा की गई है?
5. देश के वर्तमान रेल मंत्री कौन हैं?
6. वायुमंडल में सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
7. 1905 में बंगाल विभाजन किस ब्रिटिश वायसराय द्वारा किया गया?
8. विटामिन E का रसायनिक नाम क्या है?
9. बृहस्पति ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
10. विश्व संगीत दिवस कब मनाया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-209 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-208 का उत्तर :** 1 ऑक्सीजन, 2. सुंदरलाल बहुगुणा, 3. कार्बन डाईऑक्साइड, 4. ओजोन परत, 5. सल्फर डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड, 6. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 7. वैभव सूर्यवंशी, 8. सिक्किम, 9. फिनलैंड, 10. जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

**जीके क्विज-208 का सही उत्तर देने वाले :** वर्णिका-खैरागढ़, तेजस्विनी-बिलासपुर, अंशिका-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सुशांत-रोहतक

---

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, आजकल तुम्हारी गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। लेकिन दिन के समय बाहर जाकर खेलने से तुम बीमार हो सकते हो। ऐसे में तुम अपने भाई-बहन या फ्रेंड्स के साथ घर में ही वर्ड या पजल गेम्स खेल सकते हो। इन्हें खेलने में तुम सबको मजा तो आएगा, तुम इंटेलिजेंट और स्मार्ट भी बनोगे।

## ये वर्ड गेम्स-पजल एक्टिविटीज तुम्हें बनाएंगे इंटेलिजेंट-स्मार्ट

बच्चो, हम तुमको कुछ ऐसे मजेदार वर्ड गेम्स और पजल एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम घर के भीतर ही खेल सकते हो। ये इंटरेस्टिंग तो हैं ही इनसे ब्रेन की एक्सरसाइज होती हैं, जिससे तुम इंटेलिजेंट भी बनोगे।

**क्रॉसवर्ड:** क्रॉसवर्ड एक स्क्वायर ग्रिड होता है, जिसमें सफेद और काले छोटे-छोटे स्क्वायर बने होते हैं। हल करने के संकेतों को दो श्रेणियों में बांटा जाता है, क्रॉस (बाएं से दाएं) और डाउन (ऊपर से नीचे)। तुम्हें संकेतों को पढ़कर सही शब्द का अनुमान लगाना होता है और हर सफेद खाने में एक अक्षर भरना होता है। सभी शब्द एक-दूसरे को काटते हैं, इसलिए एक शब्द का सही अक्षर दूसरे शब्द को हल करने में मदद करता है। क्रॉसवर्ड शब्दावली यानी वर्ड पॉवर बढ़ाने और तर्कशक्ति को तेज करने का बेहतरीन तरीका माना जाता है। न्यूज पेपर्स, कुछ मैगजींस के अलावा क्रॉसवर्ड बुक्स में तुमको यह गेम मिल जाएगा। आधुनिक क्रॉसवर्ड का आविष्कार ब्रिटिश पत्रकार आर्थर वाईन ने किया था। पहली क्रॉसवर्ड पहेली 21 दिसंबर, 1913 को 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' अखबार में प्रकाशित हुई थी।



एआई इमेज

**एनाग्राम:** इसमें किसी शब्द के अक्षरों को आगे-पीछे करके एक नया सार्थक शब्द बनाना होता है। एनाग्राम में तुम्हें एक शब्द दिया जाता है। तुमको उस शब्द के सभी अक्षरों का उपयोग करना होता है न कोई अक्षर छोड़ना है और न ही नया अक्षर जोड़ना है। उन अक्षरों को इस तरह व्यवस्थित करना होता है कि एक नया सार्थक शब्द बन जाए। जैसे- अंग्रेजी के वर्ड 'साइलेंट' से 'लिसन' बनाना। यह एक्टिविटी वर्ड्स की स्पेलिंग की बारीकियों को समझने और रचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करती है।

**वर्ड सर्च:** इसमें अक्षरों के एक अस्त-व्यस्त जाल में तुम्हें नीचे दिए गए शब्दों को खोजना होता है। इसमें शब्द क्षैतिज (हॉरिजेंटल), ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) या तिरछे (डायगोनल) छिपे हो सकते हैं। वर्ड सर्च पजल को सबसे पहले 1968 में ओक्लाहोमा के नॉर्मन ई. गिबट ने बनाया था। उन्होंने इसे स्थानीय अखबार के लिए तैयार किया था ताकि बच्चों को शब्दों की पहचान करने में आसानी हो। यह पजल बच्चों में 'पैटर्न रिकग्निशन' (आकृतियों की पहचान) और कंसंट्रेशन बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

**वर्ड लेडर:** इसमें तुम्हें एक शुरुआती वर्ड और एक टारगेट वर्ड दिया जाता है। दोनों की लंबाई समान होनी चाहिए। हर स्टेप पर तुम केवल एक अक्षर बदल सकते हो। अक्षर बदलने के बाद जो नया शब्द बने, वह भी मीनिंगफुल होना चाहिए। इस खेल का लक्ष्य है, कम से कम स्टेप्स में टारगेट वर्ड तक पहुंचना। इसका आविष्कार 1877 में 'एलिस इन द वंडर वर्ल्ड' के लेखक लुईस कैरोल ने किया था। उन्होंने इसे 'डबलेट्स' नाम दिया था। यह एक्टिविटी तार्किक सोच और शब्दों के बीच के सूक्ष्म अंतर को पहचानने की शक्ति बढ़ाती है। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आया लेखिका अलका प्रमोद का कहानी-संग्रह 'मोबाइल बना सिरदर्द' बहुत मजेदार और सीख देने वाला है। संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। कहानी 'मोबाइल बना सिरदर्द' में आदीप नाम का होशियार लड़का है, जो इतना मोबाइल चलाता है कि उसकी आंखें कमजोर हो जाती हैं और सिर में दर्द रहने लगता है। डॉक्टर भी उसे मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हैं। तब दादी की कहानियां सुनकर उसकी मोबाइल चलाने की लत छूटती है। वह समझ जाता है कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल कितना हानिकारक हो सकता है। 'भूत भाग गया' कहानी में पीहू समेत मम्मी-पापा परेशान थे कि घर से खाने की चीजें कैसे गायब हो जाती हैं। पापा ने जब पूरी बात सुनी तो उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। यह कहानी अंधविश्वास और डर का पर्दाफाश करती है। 'रोटी का मूल्य' कहानी में अक्षिता एक भूखे बच्चे की मदद के लिए घर से ज्यादा भोजन ले जाती है। इस काम के लिए उसकी प्रिंसिपल भी उसकी तारीफ करती हैं। 'एक और उपहार' कहानी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।






कुल मिलाकर संग्रह की सभी कहानियां रोचक और प्रेरक हैं। कहानियों की भाषा सरल और सहज है। इन कहानियों के साथ बने चित्र भी तुमको बहुत पसंद आएंगे। *

**किताब:** मोबाइल बना सिरदर्द, **लेखिका:** डॉ. अलका प्रमोद, **मूल्य:** 240 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लि., दिल्ली

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पेड़ पर बैठे लेमर के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1 पीछे सूरज का अधिक हिस्सा दिख रहा है। 2. लेमर के दाएं कान में दो धारियां बनी हुई हैं। 3. लेमर की पूंछ में अधिक धारियां बनी हुई हैं। 4. लेमर के पिछले बाएं पैर की स्किन जिग-जैग न होकर सीधी है। 5. लेमर के अगले दाएं पैर की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 6.दाईं तरफ पेड़ के तने से निकल रही शाख में एक पत्ती भी है।

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां ऊपर एक कब (लिटिल टाइगर) के चार अलग-अलग चित्र दिए गए हैं। नीचे उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।





उत्तर: 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

## चौ. देवीलाल विवि में नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता पखवाड़े का शुभारंभ

# नशे के खिलाफ सामाजिक व नैतिक लड़ाई जरूरी: एडीजीपी

*युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं*

### 26 जून तक चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा के एडीजीपी संजय कुमार ने कहा कि नशे के विरुद्ध केवल कानून से लड़ाई संभव नहीं, बल्कि यह सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसमें हम सब मिलकर लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा 11 जून से 26 जून तक विशेष नशामुक्त हरियाणा जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की प्रतिभा, परिवार की खुशियां और राष्ट्र की प्रगति को प्रभावित करता है। यदि युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं तो वे देश के विकास के सशक्त वाहक बन सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाकर इस अभियान का सक्रिय सहभागी बने। एडीजीपी वीरवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में राज्यव्यापी अभियान के आगाज पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी मौजूद रहे। एडीजीपी ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा 'नशामुक्त हरियाणा जागरूकता पखवाड़ा' के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध हरियाणा पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सभी नागरिक सक्रिय सहयोग करें तथा नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना हरियाणा पुलिस के साथ साझा करें।



सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी संजय कुमार।

### अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई : संजय

पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय कुमार ने कहा कि यदि पिछले पांच वर्षों के अपराध आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो विभिन्न श्रेणियों के अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। विशेष रूप से वर्ष 2022 से पूर्व की तुलना में वर्ष 2025-26 के दौरान महिला विरुद्ध अपराधों में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल का रिस्पॉन्स टाइम भी पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुआ है, जिससे आपात परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर गैंगस्टरों, संगठित अपराधियों एवं अन्य अपराधी तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### भूथन कलां, माजरा व फतेहाबाद में चलाया अभियान, 5 नशा पीड़ितों को किया चिन्हित

*फतेहाबाद। नशाखोरी के खिलाफ जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति टीम ने क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। एसआई सुंदर के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार जागरूकता और उपचारात्मक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में टीम ने विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 5 नशा पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया है, जिनमें से दो गंभीर पीड़ितों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस विशेष अभियान के तहत गांव भूथन कलां में दो, गांव माजरा में एक तथा फतेहाबाद शहर में दो नशा पीड़ितों की पहचान की गई। अभियान के दौरान चिन्हित किए गए पीड़ितों में से दो गंभीर रूप से प्रभावित व्यक्तियों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतिया में दाखिल करवाया गया। इसके अतिरिक्त, शेष तीन नए पीड़ितों के साथ-साथ पहले से उपचाराधीन 7 अन्य व्यक्तियों को भी टीम द्वारा विशेष परामर्श प्रदान किया गया। काउंसलिंग के दौरान विशेषज्ञ टीम ने इन सभी को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया और उन्हें एक स्वस्थ व*



*सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी पीड़ितों को उनकी शारीरिक व मानसिक स्थिति के अनुसार होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवाइयां निशुल्क उपलब्ध करवाई गई, ताकि वे बिना किसी गंभीर साइड इफेक्ट के धीरे-धीरे नशे की लत से पूरी तरह बाहर निकल सकें। नशा मुक्ति टीम ने स्पष्ट किया कि इन सभी पीड़ितों की नियमित रूप से फॉलोअप प्रक्रिया जारी रखी जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे दोबारा इस लत का शिकार न हों।*

## ओढां डाकघर की जर्जर इमारत बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां



सिरसा। जर्जर डाकघर का भवन। फोटो : हरिभूमि

ओढां डाकघर की जर्जर हो चुकी इमारत कर्मचारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गई है। भवन की दीवारों, फर्श और अन्य हिस्सों में भारी टूट-फूट दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार डाकघर का भवन सडक़ स्तर से लगभग चार फुट नीचे स्थित है, जिसके कारण बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या भी बनी रहती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, पेंशनधारक, विद्यार्थी और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के ग्राहक यहां सेवाएं लेने आते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। पूर्व सरपंच रीना बिरट ने बताया कि डाकघर भवन की खराब स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री, केंद्रीय संचार मंत्री, मुख्यमंत्री हरियाणा तथा जिला प्रशासन को शिकायत भेजी गई है। उन्होंने मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डाकघर को तत्काल किसी सुरक्षित भवन में स्थानांतरित किया जाए अथवा नए भवन की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

### 14 अगस्त से सजेगा श्रीमद् भागवत सार और सामूहिक विवाह उत्सव

**रतिया।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति, रतिया द्वारा समाज सेवा और अध्यात्म का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। सदानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में शहर में श्रीमद् भागवत सार दिव्य प्रवचन और भव्य सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सेवादार प्रेम कुमार गर्ग ने बताया कि उत्सव का आयोजन श्री राम आश्रम, शिव मन्दिर, टिब्बा कालोनी, रतिया में किया जाएगा। 14 अगस्त को सायं 3 से 6 बजे तक भव्य कलश यात्रा के साथ उत्सव का शुभारंभ होगा। 15 अगस्त को सायं 3 से 6 बजे तक श्री सदानंद महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत सार पर दिव्य प्रवचन दिए जाएंगे।

## भाविप की मासिक बैठक में नए सदस्यों का स्वागत

### आगामी कार्यक्रमों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

भारत विकास परिषद शाखा रतिया की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शाखा के विभिन्न प्रकल्पों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शाखा सचिव लोकेश खुराना ने सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में सभी गतिविधि संयोजकों द्वारा अपने-अपने प्रकल्पों में टोली के प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया। संस्कार गतिविधि संयोजक गुरविंदर सिंह ने आगामी अक्टूबर माह में रतिया शाखा द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी सदस्यों से सहयोग का आह्वान किया। शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला ने 10 जुलाई को भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक के दौरान शाखा के नए सदस्य राजवंश कंबोज, हिमांशु मलिक, माधव गर्ग, कपिश बंसल एवं सीए एलिश गोयल का वरिष्ठ सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

## युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभा सकता है योग : शेरडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौपटा



सिरसा। शिविर में योगाभ्यास करते हुए ग्रामीण।

गांव माखोसरानी में पतंजलि योग समिति की ओर से जारी सात दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन योग सत्र में जिला युवा प्रभारी सुरेश शेरडिया ने शिविर में उपस्थित साधकों को योग क्रियाएं करवाई। शिविर पतंजलि योग समिति के युवा तहसील प्रभारी डॉ. पवन पूनियां के सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने प्राणायाम, योगिंग-जोगिंग क्रियाएं, सूर्य नमस्कार करवाए और उनके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग असाध्य बिमारियों मोटापा, सरर्वाइकल, बीपी सहित अनेक बीमारियों को ठीक करने में कारगर है। भारतीय योग पद्धति का लोहा पूरे विश्व ने माना है, जिसका उदाहरण कोरोना काल के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की गर्त में जाकर अपना भविष्य खराब कर रही है। युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने में योग अहम भूमिका निभा सकता है।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रचार अभियान शुरू

**सिरसा।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा विशेष प्रचार अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रामनाथ ने बताया कि इसी कड़ी में वीरवार को विभाग की लीडर भजन पार्टी के कलाकार लाला राम व रविंद्र कुमार ने गांव फतेहपुरिया प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए। कलाकारों ने भजन एवं लोकगीतों के माध्यम से केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनहितकारी योजनाओं तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्पों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## नशा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, आठ गिरफ्तार

### गांव बंनसुधार क्षेत्र में कार्रवाई, लाखों रुपये के पदार्थ किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा सकते हुए जिले क्षेत्र से आठ नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये के पदार्थ बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव बंनसुधार क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए, जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान कुलदीप व गौरव के रूप में हुई। वहीं एक अन्य घटना मे एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गांव फरमाई कंला ओपी सोनू



सात ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी स्टाफ डबवाली ने गांव डबवाली क्षेत्र से गश्त पड़ताल के दौरान 26 ग्राम हेरोइन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान सिरसा जिला निवासी संतोख सिंह के रूप में हुई है।

### 15 हजार की ड्रग मनी जब्त

इसके अलावा सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव मसीतां में गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी से 15 हजार रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है। आरोपी की पहचान सुरजीत सिंह के रूप में हुई। सीआईए कालांवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कालांवाली क्षेत्र से राजेंद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव मलेका क्षेत्र से स्कूटी सवार भजन सिंह को पांच किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मल्लेकां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने युवक को काबू कर लिया। और थैले की तलाशी ली तो पांच किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

## पीएम स्वनिधि मेले में वेंडर्स को मिली सौगात, 52 ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

नगर पालिका रानियां द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले के लिए 85 स्ट्रीट वेंडर्स को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से 52 वेंडर्स ने भाग लेकर योजना का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठित स्वरूप, ऋण सुविधा और योजना के तहत मिलने वाले अन्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान वेंडर्स को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे डिजिटल लेन-देन एवं ऑनलाइन सेवाओं का बेहतर उपयोग कर सकें। सभी उपस्थित वेंडर्स के मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करवाया गया तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए क्तक्र कोड एवं स्कैनर उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम में पात्र वेंडर्स के आवश्यक दस्तावेज संबंधित बैंकों को जमा करवाए गए। बैंक अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को जल्द ऋण राशि जारी करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त 35 वेंडर्स की पीएम स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत प्रोफाइलिंग की गई। इसके माध्यम से वेंडर्स एवं उनके परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार की 8 प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया।

### मिड डे मील वर्कर्स ने किया आंदोलन का ऐलान

**सिरसा।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) के राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया। यूनियन की राज्य प्रधान राजराजनी ने बताया कि सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने मिड डे मील वर्कर्स की मांगों का समाधान नहीं किया तो 18 जून को प्रदेशभर में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की प्रतीकात्मक शवयात्राएं निकाली जाएंगी, 4 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गृह नगर कुरुक्षेत्र में हड़ताल करते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर पड़ाव डाला जाएगा तथा 10 अगस्त को प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।

## बलदेव सिंह ग्रोहा की नियुक्ति पर राखी मक्कड़ ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



बलदेव ग्रोहा, राखी मक्कड़।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण बोर्ड हरियाणा का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर भाजपा महिला विंग की पूर्व जिला प्रधान राखी मक्कड़ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। राखी मक्कड़ ने कहा कि बलदेव सिंह ग्रोहा एक अनुभवी, संघर्षशील और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उन्होंने वर्षों तक संगठन को मजबूत बनाने और समाज के वंचित वर्गों की आवाज उठाने का कार्य किया है। ऐसे समर्पित नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे क्षेत्र और समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के हितों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। ग्रोहा के नेतृत्व में अनुसूचित जाति समाज के कल्याण, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक उत्थान से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

### पौधरोपण के साथ योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**फतेहाबाद।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से जिला आयुष विभाग द्वारा वीरवार से जिला के सभी ब्लॉक में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण से की गई, जिसके बाद योग सहायकों एवं प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास करवाया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीन शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा युवाओं को योग दिवस के लिए प्रशिक्षित करना है।

## एसआईआर को लेकर भाजपा ने बढ़ाई सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रानियां

- **एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम : गुरदेव**

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भाजपा संगठन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी के तहत गांव महमदपुरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को एसआईआर से जुड़ी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता करीवाला मंडल अध्यक्ष रणमल बालासर ने की। भाजपा नेता गुरदेव सिंह राही ने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहने, लोगों से संपर्क बढ़ाने और एसआईआर से संबंधित आवश्यक जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन का आधार है। कार्यकर्ता संगठन विस्तार के साथ-साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को भी जनता तक पहुंचाएं।

## भक्त धन्ना जी ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन, राजपाल गोदारा बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा



सिरसा। भक्त धन्नाजी ट्रस्ट की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

भक्त धन्ना जी ट्रस्ट की बैठक हुई जिसमें ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, समाजहित से जुड़े कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष अमरीक सिंह राही ने भक्त धन्ना जी के जीवन, उनके आदर्शों तथा समाज को दिए गए संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भक्त धन्ना जी की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करती हैं। डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा भक्त धन्ना जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं संरक्षक मंडल द्वारा ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। नई कार्यकारिणी में रिसाल सिंह नागर को संरक्षक, राजपाल गोदारा को अध्यक्ष तथा विजेंद्र गोदारा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा जितेन शर्मा, राम कृष्ण खोथ, अंबेडकर कसानिया, साहिल, अंकित बेनीवाल, रामकिशन मंडा कुलवंत सिंह एवं शीशपाल श्योराण को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

### राजस्व, नगर निकाय, बिजली व जल निकासी की समस्याएं रही शामिल

## डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जन शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती।

लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें राजस्व, नगर निकाय, बिजली, जल निकासी एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय के साथ समावेशी विकास एवं सुशासन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सरकार की नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से अध्ययन कर उसका समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, सीटीएम एवं एसडीएम गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीएमसी प्रवीण कुमार, जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, जीएम रोडवेज महेन्द्र सिंह, उपनिदेशक अमित पंवार, जिला वन अधिकारी राजेश लीलड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र इंस्टिट्यूट ने लगाई छबील

**सिरसा।** भीषण गर्मी के बीच राजेंद्र इंस्टिट्यूट द्वारा कॉलेज के बाहर छबील लगाकर राहगिरों को मीठा जल पिलाया। यह सेवा कार्य संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता एवं सचिव पुलकित गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। छबील सेवा के दौरान राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया और संस्थान की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालड़ा ने स्वयं लोगों को पानी पिलाकर सेवा भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और मानवता की सेवा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या कुलविंद्र कौर, काउंसलर एकता कालड़ा सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

### ग्यारस संकीर्तन यात्रा 25 जून को रवाना होगी

**फतेहाबाद।** श्री खाटू श्याम भजन प्रवाहक मंडल के तत्वाधान में 14वीं मासिक ग्यारस संकीर्तन एवं धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 25 जून को सुबह 7:15 बजे दुर्गा मंदिर, फतेहाबाद से रवाना होगी। श्रद्धालु इस दौरान खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन कर सकेंगे। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 26 जून को बारस के दिन सालासर बालाजी के दर्शन करवाने के बाद श्रद्धालुओं की वापसी होगी। यात्रा के लिए लग्जरी एसी बस की व्यवस्था की गई है तथा यात्रियों के ठहरने के लिए हॉल में विशेष प्रबंध किए गए हैं। यात्रा का सेवा शुल्क 1100 रुपये निर्धारित किया गया है। सीट आरक्षित कराने के लिए 500 रुपये अग्रिम राशि जमा करवानी होगी। बिना एडवांस राशि के सीट बुक नहीं की जाएगी। यात्रा के दौरान चार बार भोजन, एक बार शिकंजी, दो बार चाय और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई है। साथ ही विशेष बाबा खाटू श्याम जी संकीर्तन का आयोजन भी होगा, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो सकेंगे।

### ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम ऐप के जरिए अधिक मुनाफे का लालच देकर ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने राजस्थान के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के टोंक जिले के गांव बनेठा निवासी शयोलाल तथा तेजपाल के रूप में हुई है। इस मामले में मुख्य नेटवर्क से जुड़े एक आरोपी को पुलिस पहले ही दबोच चुकी है। भूना थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र ने बताया कि गांव धोलू की रहने वाली सुनीता देवी ने पुलिस को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर घर बैठे ऑनलाइन निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने से संबंधित एक लुभावना विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर दिए गए लिंक के जरिए जब उन्होंने संपर्क किया, तो साइबर ठगों ने उन्हें झांसे में ले लिया। ठगों ने पीड़िता को ज्यादा रिटर्न मिलने का लालच दिया।

## एडीसी को ज्ञापन सौंप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

# डिस्ट्रीब्यूटरी में शेड्यूल के अनुसार पानी नहीं मिलने पर भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से पानी छोड़े जाने और तय शेड्यूल की अनदेखी के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। किसान सभा फतेहाबाद के बैनर तले भूथन कलां और भिरड़ाना गांव के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल आज अतिरिक्त उपायुक्त से मिला और उन्हें अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने आरोप लगाया कि टोहाना हेड पर तैनात सिंचाई विभाग के अधिकारियों की मनमानी इस समय चरम पर है, जिसके कारण खरीफ फसलों की बिजाई संकट में पड़ गई है। किसानों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 घंटे के भीतर नहर में पूरा पानी नहीं छोड़ा गया, तो वे सिंचाई विभाग के अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे।



**फतेहाबाद।** खाली पड़ी फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर पर मौजूद किसान तथा नहर में जमा गाद और कचरा। *फोटो : हरिभूमि*

### शेड्यूल फेल, बिजाई प्रभावित

उच्च अधिकारियों से मुलाकात के बाद किसान सभा के तहसील सचिव ओम प्रकाश फगेड़िया ने बताया कि टोहाना हेड से फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी में छोड़ा जाने वाला पानी पिछले करीब डेढ़ महीने से शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान शेड्यूल के अनुसार 6 जून से फतेहाबाद नहर में पानी छोड़ा जाना था, लेकिन महज तीन दिन बाद ही 9 जून, मंगलवार की रात को पानी अचानक बंद कर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रोष जताते हुए कहा कि पिछले 5-6 हफ्तों से लगातार पानी की बारियों के दौरान ऐसा ही किया जा रहा है। खासतौर पर बुधवार, वीरवार और शुक्रवार के दिनों की पानी की बारियां तो पिछले डेढ़ महीने से किसानों को मिली ही नहीं हैं, क्योंकि इन तीन दिनों में पीछे से ही नहर का पानी बंद कर दिया जाता है। इस समय क्षेत्र में नरमा, कपास और धान जैसी खरीफ फसलों की बिजाई का पीक सीजन चल रहा है। फसलों की बिजाई और अंकुरण के लिए सिंचाई के पानी की बेहद सख्त जरूरत है, लेकिन शेड्यूल ओपन होने के बावजूद किसानों को पानी से महरुम रखा जा रहा है।

### भड़के किसान, भ्रष्टाचार के आरोप

ज्ञापन सौंपने के दौरान जब किसान सभा के नेतृत्व में किसान सिंचाई विभाग के एसई से मिले, तो एसई ने मौके पर ही टोहाना हेड के एक्सईएन श्याम धींगड़ा को फोन मिलाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। किसानों का आरोप है कि बातचीत के दौरान एक्सईएन श्याम धींगड़ा लगातार टालमटोल करते नजर आए। उन्होंने कभी बहाना बनाया कि नहर में पेड़ टूटकर गिर गए थे, तो कभी कहा कि चंद्रावल माइनर का काम चलने की वजह से फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद करना पड़ा। किसान सभा के नेताओं ने कहा कि वे कुछ महीने पहले भी इस समस्या को लेकर डीसी से मिले थे। उसके बाद कुछ हफ्तों तक तो नहर में शेड्यूल के अनुसार पानी चला, लेकिन अब फिर से वही मनमानी शुरू हो गई है। किसानों ने सीधा आरोप लगाया कि इस अव्यवस्था के पीछे व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार है। उच्च अधिकारी आपसी मिलीभगत करके नियमों को ताक पर रखकर दूसरी नहरों मंन मनमाफिक ढंग से पानी डाइवर्ट कर देते हैं।

### 24 घंटे का अल्टीमेटम सफाई और पेट्रोलिंग बढ़ाने की भी उठी मांग

किसान सभा ने एसई और एक्सईएन सिंचाई विभाग को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर नहर में पूरा पानी बहाल नहीं किया गया और पिछले 5-6 हफ्तों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए आने वाले दिनों में अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ा गया, तो किसान दफ्तर का घेराव कर वहीं धरना लगा देंगे। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने नहर की समय पर सफाई न होने का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया। किसानों ने कहा कि नहर की सफाई न होने और इन दिनों चलने वाले अंधड़-तूफान के कारण पेड़ टूटकर नहर में गिर जाते हैं, जिसे बहाना बनाकर अधिकारी पानी का स्तर घटा देते हैं। किसानों ने मांग की कि नहर की सफाई करवाई जाए और नहर पर पेट्रोलिंग बढ़ाएं ताकि टेल तक पानी पहुंचे और नहर टूटने का खतरा भी न रहे। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से महावीर ढाका, आत्माराम कुलडिया, सतपाल ढाका, ठाकुर सिंह मिठरवाल, सुभाष ताखर, रवि सहारण भिरड़ाना और ओम प्रकाश कुलडिया सहित अनेक किसान शामिल रहे।


**फतेहाबाद।** सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाते ग्रामीण।

# जांडवाला-नूरकी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के आरोप

## ग्रामीणों ने रुकवाया निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव जांडवाला से नूरकी तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक़ निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके चलते उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाकर गुणवत्ता की जांच की मांग उठाई है। इस मामले में ठेकेदार राजेश नैन का कहना है कि विभाग द्वारा निर्माण सामग्री के सैम्पल लिए गए हैं। ग्रामीण विनोद सिहाग, हनुमान, सुरेंद्र, मोनू, सोनू, आत्मप्रकाश, राकेश, मुकेश, संजय और कमल ने बताया कि सडक़ का निर्माण कार्य अभी जारी है, लेकिन कई स्थानों पर सडक़ की परत उखड़ती और टूटती दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि यदि निर्माण में इसी प्रकार की सामग्री का उपयोग किया गया तो सडक़ पहली ही बरसात में क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

### ठेकेदार ने खारिज किए आरोप

ठेकेदार राजेश ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सडक़ का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार और बेहतर गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों को किसी प्रकार की शिकायत है तो उसका समाधान किया जाएगा। इस मामले में जन स्वास्थ्य एवं निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) संजय ने कहा कि उनके संज्ञान में अभी तक निर्माण कार्य में किसी गड़बड़ी की जानकारी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो निर्माण सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे और रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर के नाम भाजपा जनता को कर रही भ्रमित लोकतांत्रिक अधिकारों पर हो रहा प्रहार : दौलतपुरिया

- एसआईआर के मुद्दे पर जिला कांग्रेस की बैठक, बूथ स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसआईआर अभियान के नाम पर भाजपा पर जनता को भ्रमित करने और लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस विषय पर कार्यकर्ताओं व आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद की बैठक शिवालय मार्केट स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी शैलजा को करनी थी, लेकिन उनके कार्यक्रम में शामिल न हो पाने के कारण बैठक की अध्यक्षता एसआईआर फतेहाबाद के प्रभारी मोहनलाल ढिल्लों ने की।

बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार एसआईआर अभियान के नाम पर आम जनता में अनावश्यक भय और भ्रम का माहौल पैदा कर रही है, जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। दौलतपुरिया ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ऐसा कर रही है।

बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की बदहाली और चरमराती कानून व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस अभियान को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस हर पात्र मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी नागरिक का नाम गलत तरीके से कटने नहीं देगी।


**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते कांग्रेस नेता। *फोटो : हरिभूमि*

### करेंगे जागरूक

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने भी सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा एसआईआर अभियान की आड़ में राजनीतिक लाभ लेने की फिराक में है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता है, लेकिन सरकार आम नागरिक को परेशान कर उसके मन में संशय पैदा कर रही है। शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। इस प्रशासनिक त्रुटि और राजनीतिक साजिश के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता अब बूथ स्तर तक जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी पात्र नागरिक का वोट न कटे। बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा पूनियां, मंगत लालवास, हरपाल बैनीवाल, शम्मी रत्ती, पूनम रत्ती, मा. सतबीर भूथन, कल्याण सिंह भादू, काशीराम पूर्व चेयरमैन, सीताराम बैनीवाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्लबफुट एक जन्मजात विकृति : डॉ. संदीप

- विश्व क्लबफुट दिवस पर नागरिक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, अब तक 99 बच्चे हुए पूरी तरह ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर जिला नागरिक अस्पताल सिरसा में अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला नागरिक अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संदीप ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है। यदि जन्म के तुरंत बाद इसका सही उपचार शुरू कर दिया जाए तो बच्चा पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में हर मंगलवार को क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का इलाज पूरी तरह निःशुल्क किया जाता है। अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. कमल बेनीवाल द्वारा विशेष तकनीक से बच्चों के पैरों पर प्लास्टर किया जाता है। इसके साथ ही, अनुष्का फाउंडेशन की ओर से बच्चों को विशेष जूते और ब्रेस भी मुफ्त उपलब्ध कराए जाते हैं। अस्पताल में अब तक 99 बच्चों का सफल इलाज किया जा चुका है, जो आज सामान्य बच्चों की तरह दौड़-भाग रहे हैं।

इस अवसर पर डीईआईसी मैनेजर डॉ. अंकुर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आरबीएसके के तहत जिले के 83 बच्चों का विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क उपचार करवाया गया है। इन बीमारियों में जन्मजात हृदय रोग, भेंगापन, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, कटे होंठ व तालू और सुनने की अक्षमता जैसी जटिल समस्याएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान नोडल ऑफिसर डॉ. भारत भूषण ने भी अभिभावकों से अपील की कि यदि नवजात शिशु के पैरों में किसी भी तरह की असामान्यता दिखे, तो उसे छिपाने के बजाय तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करें। सही समय पर लिया गया डॉक्टरी परामर्श बच्चे को दिव्यांगता से बचा सकता है।


**सिरसा।** जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते अभिभावक।

### बीएलओ, सुपरवाइजर को एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण



**सिरसा।** रानियां विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को पारदर्शी और त्रुटि-रहित बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय ऐलनाबाद में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यकम हुआ। अभियान के अंतिम दिन दो अलग-अलग पारियों में सत्र आयोजित किए गए। इस दो दिवसीय कार्यशाला में क्षेत्र के कुल 188 बीएलओ और 20 सुपरवाइजर्स ने भाग लेकर मतदाता सूची प्रक्रिया की बारीकियों को सीखा। नोडल अधिकारी और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि देश की निर्वाचन प्रक्रिया को सफल, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में बीएलओ और सुपरवाइजर्स की भूमिका रीढ़ के समान है। उन्होंने सभी से फील्ड में जाकर इस प्रशिक्षण का प्रभावी उपयोग करने की अपील की। मास्टर ट्रेनर साहिल पोपली ने 'डमी ऐप' के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया। उन्होंने नए फॉर्म भरने, जरूरी दस्तावेजों की जांच करने और डिजिटल डेटा अपलोड करने के तरीकों को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही प्रशिक्षक महेंद्र सिंह ने रिकॉर्ड संधारण और काम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। एईआरओ सज्जन कुमार ने कहा कि इस राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चुनाव कानूनगो देवेंद्र सिंह ने भी काम की गुणवत्ता और उसे तय समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र सिंह शम्मी ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर को कामयाब बनाने में समन्वय टीम के सदस्य नरेंद्र सिंह, महेंद्र कुमार, प्रीतम सिंह, मैन पाल और लखविंद्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### दूसरे दिन साइकिल पर निकले नगरायुक्त बेनीवाल



**सिरसा।** शहर की सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल लगातार दूसरे दिन भी साइकिल पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के लिए निकले। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जर्जर सडक़ और उसमें बने गहरे गड्ढों की ओर आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि सडक़ पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सडक़ पर पैचवर्क करवाने और गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने घंटाघर चौक एवं आसपास के बाजार क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यह पाया गया कि शाम के समय बाजारों से पर्याप्त मात्रा में कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, जिसके कारण कई स्थानों पर गंदगी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय विशेष रूप से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहन भेजे जाएं ताकि बाजारों में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बरनाला रोड, बस स्टैंड रोड, हिसार रोड, हिसारिया बाजार, शहीद भगत सिंह चौक, चांदनी चौक बाजार, नोहरिया बाजार तथा घंटाघर चौक क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।

### वादाखिलाफी के नाम रहे भाजपा के 12 साल: सैलजा



**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी पिछले 12 वर्षों से देश को नए नारों, नए अभियानों और पुरानी योजनाओं को नया नाम देकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है। सैलजा ने कहा कि आज भाजपा और उसके नेता देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को छोटा दिखाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असाधारण रूप से बड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इतिहास तथ्यों से चलता है, प्रचार से नहीं। कुमारी सैलजा ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ था, तब देश के पास न पर्याप्त उद्योग थे, न वैज्ञानिक संस्थान, न आधुनिक आधारभूत ढांचा और न ही आर्थिक संसाधन। ऐसे कठिन समय में पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी गई। सांसद ने कहा कि भाखड़ा-नांगल जैसी विशाल सिंचाई एवं बिजली परियोजनाएं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थान, परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम, इस्पात संयंत्र, देशव्यापी रेलवे और विद्युत विस्तार जैसी परियोजनाओं ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। आज देश जिन संस्थाओं और आधारभूत संरचनाओं पर गर्व करता है, उनमें से अधिकांश की नींव कांग्रेस सरकारों ने रखी थी। कुमारी सैलजा ने कहा कि विडंबना यह है कि जिन सार्वजनिक संस्थानों ने देश को मजबूत बनाया, आज भाजपा सरकार उन्हीं सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण और विनिवेश में लगी हुई है। रेलवे सेवाओं, हवाई अड्डों तथा अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की नीतियों को लेकर देशभर में चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के दौरान काला धन वापस लाने, भ्रष्टाचार समाप्त करने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर परिवार को बेहतर जीवन देने, करोड़ों रोजगार सृजित करने जैसे अनेक वादे किए थे, लेकिन जनता को भारी परेशानियों के अलावा अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

# श्रद्धापूर्वक मनाया श्री दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस, भंडारा लगाया

**ओढां।** पुरानी अनाज मंडी ओढ़ा में स्थित श्री दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वीरवार को मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धापूर्वक व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के प्रधान रामपाल सिंगला ने बताया कि सुबह माता रानी के स्वरूप को अंजली शर्मा, रमा शर्मा, निर्मला सिंगला व ज्योति सिंगला ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाकर श्रंगार किया। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने मंत्रोंउच्चारण के साथ पूजन करवाया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। इसके बाद कन्या पूजन के बाद माता रानी का अटूट भंडारा शुरू किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन चलाएगा विशेष गहन पुनरीक्षण पर अभियान

# एसआईआर: 7.10 लाख मतदाताओं में से 6.23 लाख की हुई मैपिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में मतदाता जागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने तथा एसआईआर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसआईआर कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया ने निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और मतदाताओं तक अधिक से अधिक जानकारी पहुंचाएं।बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया ने बताया कि जिले में 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे तथा उन्हें वापस प्राप्त करेंगे। इस दौरान नए मतदाताओं का पंजीकरण, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं का सत्यापन तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।



**फतेहाबाद।** एसआईआर कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी अनुराग ढालिया। *फोटो : हरिभूमि*

### बीएलओ या सुपरवाइजर को सहयोग करें : एडीसी

एडीसी बताया कि जिला फतेहाबाद में 708 पोलिंग स्टेशन पर कुल 7 लाख 10 हजार 261 मतदाता हैं, जिनमें से अब तक 6 लाख 23 हजार 03 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिले की कुल वोटर मैपिंग 87.71 प्रतिशत रही है। विधानसभा क्षेत्र टोहाना में 2 लाख 28 हजार 313 मतदाताओं में से 2 लाख 02 हजार 252 की मैपिंग कर 88.59 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 56 हजार 535 मतदाताओं में से 2 लाख 24 हजार 209 मतदाताओं की मैपिंग के साथ 87.40 प्रतिशत तथा रतिया विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार 413 मतदाताओं में से 1 लाख 96 हजार 542 मतदाताओं की मैपिंग कर 87.19 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। एडीसी अनुराग ढालिया ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करें, एसआईआर से संबंधित बैनर प्रदर्शित करें तथा जिन कर्मचारियों की ड्यूटी बीएलओ अथवा सुपरवाइजर के रूप में लगी है, उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है और इस दिशा में सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।